सेवा में,
सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
ग्लोब टेक क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड

विषयः– अनुशासनहीनता संबंधी स्पष्टीकरण के संबंध में

महोदय,

सादर निवेदन है कि आपके कार्यालय पत्रांक 45120 दिनांक 15-11-2025 के माध्यम से मुझसे अनुशासनहीनता के संबंध में स्पष्टीकरण मागा गया था, जिसे डाक से आपके द्वारा दिनांक 20-11-2025 को प्रेषित किया गया तथा मुझे दिनांक 29-11-2025 को प्राप्त हुआ।

उक्त विषय के संबध मे सादर अवगत कराना है कि मेरे द्वारा कपनी क्षेत्र के पर्यवेक्षक के साथ किसी भी प्रकार की जानबूझकर अनुशासनहीनता नही की गई है। विगत कुछ समय से वेतन का भुगतान समय से न होने तथा पीएफ एवं अन्य विवरण सही प्रकार से अपडेट न होने के कारण मै मानसिक रूप से अत्यत परेशान था। इसी मानसिक दबाव के चलते मुझसे भूलवश पर्यवेक्षक से ऊँची आवाज मे बातचीत हो गई, जो कि पूर्णतः अनुचित था।

मैं अपनी इस त्रुटि के लिए हृदय से क्षमा प्रार्थी हूं तथा आपको विश्वास दिलाता हूँ कि भविष्य मे इस प्रकार की कोइ भी घटना पुनः नहीं होगी। मैं सदैव कंपनी के नियमों एवं अनुशासन का पूर्ण पालन करता रहूँगा।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि मेरी आर्थिक स्थिति को ध्यान मे रखते हुए कृपया मेरा लंबित वेतन निर्गत करने की कृपा करें, क्योंकि वर्तमान में मेरे परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड रहा है। मै पुनः आपको आश्वस्त करता हूँ कि भविष्य मे मेरे द्वारा कोइ भी अनुशासनहीन कृत्य नहीं किया जाएगा।

धन्यवाद।

दिनांक 11.02.2026

हस्ताक्षर

बिट्टू कुमार

नाम–बिटटू कुमार
सविदाकर्मी अन्तर्गत–अटौर उपकेन्द्र
पिता का नाम–श्री तेजपाल सिह
पता–ग्राम जलालाबाद मोरटा,
जिला–गाजियाबाद।
मो0–9760521242
यू0एन0न0–101284427597

Scanned with CamScanner